# बीआईएस के सौजन्य से पंतनगर के मत्स्य विज्ञान छात्रों ने देखा चारा निर्माण की आधुनिक तकनीक

पंतनगर। 1 अक्टूबर 2025। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) स्टूडेंट चैप्टर के तत्वावधान में विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के स्नातक विद्यार्थियों के लिए एक औद्योगिक शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस दौरान डा. आशुतोष मिश्रा के मार्गदर्शन में 30 विद्यार्थियों ने रुद्रपुर स्थित एस.पी. सॉल्वेंट प्रा.लि. का भ्रमण किया।

यह कंपनी, श्री पवन अग्रवाल के नेतृत्व में, देश की प्रतिष्ठित पशु आहार निर्माता इकाई है। भ्रमण के दौरान छात्रों ने कंपनी की उत्पादन प्रक्रिया, पैकेजिंग प्रणाली और गुणवत्ता नियंत्रण को निकट से देखा। मार्केटिंग हेड सुश्री तान्या ने विभिन्न ब्रांडों यथा प्रीमियम, सिल्वर, गोल्ड, डायमंड की जानकारी दी और बताया कि 'नंदिनी' बछड़ा आहार सबसे लोकप्रिय उत्पाद है। कंपनी प्रतिमाह लगभग 300 टन उत्पादन करती है और 4, 6 तथा 8 मिमी आकार के दाने बाजार में उपलब्ध कराती है। कंपनी स्टाफ सदस्य श्री चंद्रभान भंडागर ने उत्पादन क्रम विस्तार से समझायाजिसमें ग्राइंडिंग, ड्राई मिक्सिंग, 55–60 डिग्री सेंटीग्रेड हीटिंग, कटिंग, एलीवेटर प्रोसेसिंग, कूलिंग, विटामिन, मिनरल मिश्रण तथा पैकेजिंग जैसी प्रक्रियाएँ शामिल हैं। कच्चे माल में मक्का, चावल की भूसी, सोयाबीन, सरसों की खली और मूँगफली का प्रयोग किया जाता है। कंपनी के 5 उत्पाद बीआईएस स्वीकृत हैं तथा इसे आईएसओ 9001–2015 और आईएसओ 14001 प्रमाणन प्राप्त है। भ्रमण के दौरान छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और उत्पादन की बारीकियों को समझा।

कार्यक्रम के अंत में छात्रों को बीआईएस द्वारा प्रायोजित भोजन एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। यह भ्रमण छात्रों के लिए एक अनूठा शैक्षणिक अनुभव और उद्योग से जुड़ाव का अवसर बना।

